# नंद घर व आईपीई ग्लोबल-सीकेडी के बीच साझेदारी

जयपुर | अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के तहत संचालित सामाजिक पहल नंद घर ने धौलपुर में आईपीई ग्लोबल–सेंटर फॉर नॉलेज एंड डेवलपमेंट (सीकेडी) के साथ मिलकर 'बालवर्धन' परियोजना शुरू की है। जिले में पहले से ही 400 से अधिक नंद घर संचालित हैं। यह पहल महिलाओं और बच्चों के पोषण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को मजबूत करने पर केंद्रित है। नंद घर की सीईओ शशि अरोड़ा ने कहा कि वैज्ञानिक और तंत्र आधारित हस्तक्षेपों के जरिए बच्चों और महिलाओं के बेहतर भविष्य की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है।